मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in   E-mail : programmer.mpmandiboard@gmail.com   Tel: 0755-4270541

क्रमांक/बी–5/2/ई–मण्डी OL/2018–19/ 1165   भोपाल दिनांक 04 जुलाई 2019

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

(02) सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
.... जिला ....(म0प्र0)

विषयः–परिवर्तित ई–(मण्डी) अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली में एकजाई भुगतान पत्रक की प्रविष्टि एवं सत्यापन की प्रक्रिया।

–0–

उल्लेखित विषय में आप अवगत ही हैं कि दिनांक 01 जुलाई 2019 से प्रदेश की समस्त 257 कृषि उपज मण्डी समितियों में एक साथ परिवर्तित ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र ऑनलाईन प्रणाली का क्रियान्वयन किया जाना आरम्भ किया गया है जिसके अंतर्गत मण्डी समिति से ई–अनुज्ञा पत्र जारी किये जा रहे हैं।

परिवर्तित ई–(मण्डी) अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली में एकजाई भुगतान पत्रक की प्रविष्टि एवं सत्यापन की प्रक्रिया का समावेश किया गया है। जिसकी प्रविष्टि मण्डी कर्मचारी/व्यापारी के लॉगिन पर उपलब्ध है। एकजाई भुगतान पत्रक की प्रविष्टि उपरांत उसका सत्यापन मण्डी सचिव लॉगिन आई.डी. से किया जायेगा। उसके पश्चात मण्डी फीस/निराश्रित शुल्क की गणना एवं भुगतान के बाद वह स्कंध व्यापारी के कृषि उपज स्कंध खाते में जोड़ा जायेगा।

दिनांक 01 जुलाई 2019 से 03 जुलाई 2019 की अवधि के ऐसे पृथक पृथक भुगतान पत्रक जो पोर्टल पर दर्ज नहीं किये गये अथवा दर्ज नहीं हो पाये हैं वह इस अवधि के ऐसे भुगतान पत्रक जिनकी प्रविष्टि पोर्टल पर की है, किन्तु पोर्टल पर मण्डी फीस/निराश्रित सहायता राशि की गणना नहीं की गई है को एकजाई भुगतान पत्रक स्क्रीन के माध्यम से दर्ज किया जाकर फसल स्कंध को व्यापारी के खाते में जोड़ा जा सकेगा।

एकजाई भुगतान पत्रक स्क्रीन के प्रारम्भ होने के उपरांत फसल स्कंध पूर्व की भांति पृथक पृथक भुगतान पत्रक से न जोड़ा जाकर केवल एकजाई भुगतान पत्रक स्क्रीन के माध्यम से जोड़ा जा सकेगा। किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर संबंधित आंचलिक कार्यालय/मण्डी बोर्ड मुख्यालय की हेल्पलाईन से सम्पर्क करें।

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / ई–मण्डी OL / 2018–19 / 1166 भोपाल दिनांक 04 जुलाई 2019

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) अपर संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) संयुक्त संचालक (नियमन) / उप संचालक (वित्त / आडिट), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल